# अनामिका वेलफेयर सोसायटी अम्बिकापुर

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र् 2023 – 24

### प्रस्तावना :–

अनामिका वेलफेयर सोसायटी एक गैर सरकारी, गैर राजनीतिक एवं अलाभकारी संस्था है। जो कि छत्तीसगढ़ सोसायटी अधिनियम 1973 के अंतर्गत 1 मई 2015 में पंजीकृत हुआ है। जिसका पंजीयन क्रमांक 26773 एवं संस्था का **PAN AAEAA3297N** प्राप्त है। संस्था को "वांछित मानदण्ड'' के तहत मान्यता दी गई है।

संस्था का TAN NO. :- JBPA07429C

संस्था का PAN NO :- AAEAA3297N

संस्था का 12A NO. :- AAEAA3297NE20198/31-5-2021/Ay2022-23 To Ay2026-2027

संस्था का 80G NO :- AAEAA3297NF20216/06-10-2021/Ay2022-23 To Ay2026-2027

संस्था का CSR NO :- CSR00016113

संस्था का FCRA NO :- 327540056

## घरौंदा आश्रय गृह "मानसिक दिव्यांग केन्द्र"

अनामिाका वेलफेयर सोसायटी एक गैर सरकारी गैर राजनीतिक एवं अलाभकारी संस्था है। अनामिका वेलफेयर सोसायटी एक स्वच्छ शिक्षित एवं न्यायपूर्ण समाज की कल्पना करती है। जहाँ पर अति उपेक्षित एवं वंचित समुदाय के लोग जैसे दिव्यांग, आदिवासी पूरूषों के अधिकार खतरे में न पड़े एवं ऐसे समाज का निर्माण जो जहाँ लोग अपने मूलभूत अधिकारों के प्रति जागरूकता हो तथा समुदाय के लोग के लिए भेद भावना रहित अनुकूल वातावरण निर्माण हो। संस्था अनामिका वेलफेयर सोसायटी घरौंदा आश्रय गृह (मानसिक दिव्यांग केन्द्र) जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरूषों के लिए निः शुल्क आवास–पुर्नवास केन्द्र की स्थापना दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना एवं अपने अधिकारों को पाने के लिए सक्षम बनाना चाहती है। अनामिका वेलफेयर सोसायटी का लक्ष्य दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना एवं उन्हें स्थापित करके उनकी स्थिति को मजबूत करना है इस संस्था का मुख्य उद्वेश्य विभिन्न प्रकार के आश्रम, आश्रय गृह पुर्नवास शिक्षण, प्रशिक्षण, रोजगार, विवाह एवं विभिन्न प्रकार के आयोजन कर उच्च समुदाय के लोगो को स्थापित करना भी है।

**संस्था द्वारा किये जाने वाली दैनिक गतिविधियाँ :–** संसथा द्वारा घरौंदा केन्द्र में आवास करने वाले हितग्राहियों को कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन दैनिक गतिविधि मे योगा अभ्यास हाथ जोड़कर प्रार्थना करवाना, कैरम, लूडो, चित्रों में रंग भारना, फिजियोंथैरेपिस्ट द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधि करवाना टी.वी. द्वारा भक्ति मनोरंजन करवाना, खेल कूद गतिविधि करायी जाती है।


**वार्षिक कार्यक्रम एवं त्यौहार का आयोजन :–** अनामिका वेलफेयर सोसायटी के द्वारा संचालित घरौंदा आश्रय केन्द्र में अनाथ मानसिक दिव्यांगो के मानसिक व्यवहार में परिवर्तन एवं उनके जीवन को सुधारने और निर्भर बनाने के उदेद्श्य से वर्ष में होने वाले त्योहार, दिवस एवं जयंती कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे उनकी मानसिक स्थिति में सुधार और अपने जीवन में हर्षोउल्लास के साथ जीवन व्यतीत कर सके।

1. घरौंदा आश्रय गृह में डॉ, भीमराव अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन।
2. संस्था के द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया।
3. संस्था में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन।
4. संस्था में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
5. घरौंदा आश्रय गृह अम्बिकापुर में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।
6. गाँधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम।
7. घरौंदा आश्रय गृह में दीपावली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
8. घरौंदा केन्द्र में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
9. संस्था में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मकरसंक्राति त्यौहार।
10. संस्था ने घरौंदा आश्रय गृह अम्बिकापुर में गणतन्त्र दिवस का किया गया आयोजन।
11. संस्था घरौंदा आश्रय गृह में होली (रंगोत्सव) कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

# हितग्राहियों को योगा अभ्यास कराते हुए–

**घरौंदा आश्रय गृह (मानसिक दिव्यांग केन्द्र)** में महिला व पंरूष हितग्राहीयों को उनके स्वास्थ्य को बेहतर या संतुलन बनाये रखने के लिए उन्हें प्रतिदिन प्रातः काल में योगा कराया जाता है जिसमें इन की स्वास्थ्य अच्छी बनी रहें।








OUR ANIMALS
OUR BIRDS


OUR ANIMALS
OUR BIRDS




ENGLISH ALPHABET
FRUITS
PARTS OF THE BODY
VEGETABLE
OUR ANIMALS

# कैरम बोर्ड , लुडो, रंग भरना एवं अन्य गतिविधियॉ कराते हुए

**घरौंदा आश्रय गृह (मानसिक दिव्यांग केन्द्र)** में महिला व पुरूष हितग्राहीयों के मनोरंजन के लिए अनेक प्रकार के खेल भी खेले जाते हैं जिससे की उन्हें आनन्द और उल्लास की प्राप्ति ही होती है। महिलाओं के खेलो के माध्यम से कई प्रकार की चिजें भी सिखायी जाती है जैसे चित्रों में रंग भरने की की कला भी सिखायी जाती है इन खेलो के माध्यम से हितग्राहियों का मानसिक विकास भी सरल हो पाता है।










बैठक कक्ष
सभाकक्ष


सभाकक्ष

# फिजीयो थैरेपिस्ट द्वारा संस्था में करायी जाने वाली गतिविधियाँ

घरौंदा आश्रय गृह (मानसिक दिव्यांग केन्द्र) में महिला व पुरूष हितग्राहियों के लिए साप्ताहिक व मासिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है इस स्वास्थ्य शिविरों मे फिजियो थैरिपिस्ट द्वारा हितग्राहियों की बी.पी शूगर व वजन साथ ही अन्य बीमारियों की जाँच की जाती है जिससे की वे अरोग्य रहते है। साथ ही सभी हितग्राहियों के मानसिकता अनुसार दवाईंया उपलब्ध करायी जाती है जैसे मल्टीवीटामिन की टेबलेटस व कफ सूखी खाँसी के लिए सिरप दिए जाते है।











# अम्बेडकर जयंती

आज दिनाँक 14 अप्रैल 2023 को भीम राव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अनामिका वेलफेयर की सभी संस्थाओं में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन कर किया गया साथ ही बाबा अम्बेडकर द्वारा किये गये सभी कार्यो के प्रति बाबा अम्बेडकर साहब को श्रद्धांजलि दी गयी।








# धुम्रपान निषध दिवस

आज दिनाँक 31 मई 2023 को धुम्रपान एवं तम्बाकू निशेध दिवस कार्य का आयोजन किया गया। जहां संस्था संचालिका सुश्री रीता अग्रवाल और सभी कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे तथा सभी हितग्राहियों एवं कर्मचारियों को धुम्रपान करने से होने वाले हानिकारक प्रभावों को बताया गया और नास्ता कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लोगो मे नशे की बढ़ती को प्रवृति कम करना है।







# पर्यावरण दिवस कार्यक्रम

आज दिनाँक 05 जून 2023 को अनामिका वेलफेयर सोसायटी द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था के संचालिका एवं कर्मचारी और हितग्राहियों के द्वारा पर्यावरण दिवस आयोजन किया गया।

संचालिका द्वारा पर्यावरण को लेकर संक्षिप्त में भाषण देते हुए जागरूकता एवं पर्यावरण को संरक्षण कर प्रोत्साहित करने एवं पर्यावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ रखने का प्रयत्न करना है। इस प्रकार पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को संरक्षित संकेत देते हुए पौधा रोपण किया गया इसमें सभी कर्मचारियों की सहभागिता रही।








आश्रय गृह
दिव्यांग केन्द्र
महिलाओं के लिए आवासीय गृह
अम्बिकापुर (छ.ग.)
9165631579


तुर्रापानी, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9165631579



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आज दिनाँक 21 जून 2023 को अनामिका वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित घरौंदा आश्रम गृह तुर्रापानी गाँधीनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था की संचालिका एवं कर्मचारी और हितग्राहियों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस आयोजन किया गया। संचालिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर भाषण देते हुए स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारी देते हुए उनके फायदे के बारे में बताया गया और योगा कराया गया। इसमें सभी हितग्राहियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही। शारीरिक और मानसिक स्वास्थय के लिए कई बीमारियों से निपटने और मन की शांति के लिए भी रोजाना योग अभ्यास करने की सलाह दी जाती है। योग हमारी भरतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है यही वजह है कि योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसलिए मानसिक दिव्यांगो को उनकी सेहत के लिए योगा दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया जाता है जिसमें सभी हितग्राहियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही।




OUR ANIMALS
OUR BIRDS


OUR ANIMALS
OUR BIRDS






अनामिका वेलकेयर सोसायटी



# <u>स्वतंत्रता दिवस का आयोजन</u>

आज दिनांक 15 / 08 / 2023 को घरौंदा आश्रय गृह अम्बिकापुर में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था की संचालिका सुश्री रीता अग्रवाल एवं संस्था के समस्त कर्मचारी एवं हितग्राही शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत रीता अग्रवाल जी के द्वारा ध्वजारोहण करते हुए किये गये जिसमें भारतीय ध्वज, तिरंगा फहराने के दौरान सभी लोग खड़े होकर राष्ट्रगान जन, गण, मन प्रारंभ किया गया, अमर शहीदों का नारा लगायें गये। इसके पश्चात् स्वतंत्रता सेनानीयों को श्रद्धांजलि दिये गये जिन्होंने अपने प्राणों की आहुती देकर हमारे देश को एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाया, फिर सभी हितग्राहीयों तथा कर्मचारीयों को सभा कक्ष में व्यवस्थित रूप से बैठाया गया फिर संस्था संचालिका द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाषण दिये गये। इसके बाद सभी हितग्राहियों को स्वल्पाहार कराते हुए इस कार्यक्रम की समाप्ति की गयी।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाने वाला भारत का राष्ट्रीय त्यौहार है और हम इसे बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाते है। इस वर्ष हम अपना 76वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। इस दिन हम उन महान योद्धाओं और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति का सम्मान करते हैं जिन्होंने भारत को एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। 15 अगस्त सन् 1947 को भारत के इतिहास को स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। इसी दिन देश के आजाद होने पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले पर झंडा फहराया था। तभी से प्रत्येक वर्ष देश के प्रधानमंत्री लाल किले पर झंडा फहराते है, और सभी शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को 21 तोपों से श्रद्धांजलि दी जाती है।








हार्दिक शुभकामनाएं
(मानसिक दिव्यांग केन्द्र)










स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं

# रक्षाबंधन त्यौहार का आयोजन

आज दिनांक 30/08/2023 को घरौंदा अनाथ आश्रम अम्बिकापुर में रक्षाबंधन का त्यौहार बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। सबसे पहले संस्था के महिला कर्मचारीयों द्वारा समस्त हितग्राहियों की आरती करके तथा तिलक लगाकर राखी बांधी गई फिर मिठाईयां खिलाई गई। रक्षाबंधन का यह त्यौहार मनाकर समस्त कर्मचारी एवं हितग्राहियों के बीच उत्साहपूर्ण माहौल था।

राखी या रक्षाबंधन का त्यौहार हर साल श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। रक्षाबंधन का त्यौहार मुख्यतः हिन्दुओं में प्रचलित है पर इसे भारत के सभी धर्मो के लोग समान उत्साह और भाव से मनाते है। पूरे भारत में इस दिन का माहौल देखने लायक होता है और हो भी क्यूं ना, यही तो एक ऐसा विशेष दिन है जो भाई–बहन के लिए बना है। भारत में भाई – बहनों के बीच प्रेम और कर्तव्य की भूमिका किसी एक दिन की मोहताज नहीं है पर रक्षाबंधन के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की वजह से ही यह दिन इतना महत्वपूर्ण बना है। बरसों से चला आ रहा यह त्यौहार आज भी बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हिन्दू श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला यह त्यौहार भाई का बहन का बहन के प्रति प्यार का प्रतीक है। रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों की कलाई में राखी बांधती हैं, उनका तिलक करती हैं और उनसे अपनी रक्षा का संकल्प लेती हैं।




घरौंदा आश्रय गृह
मानसिक दिव्यांग केन्द्र
मानसिक पुरुष एवं महिलाओं के लिए आवासीय गृह
9001:2015
PLYWOOD

# गांधी जयन्ती (स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम)

आज दिनांक 02/10/2023 को घरौंदा आश्रय गृह अम्बिकापुर में गांधी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था की संचालिका रीता अग्रवाल एवं समस्त कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी की स्मृति पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसके बाद संस्था की संचालिका रीता अग्रवाल जी के द्वारा गांधी जी की जीवनी वर्णन किये गये, इन्होंने महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था, उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था जो कि सनातन धर्म के पंसारी जाति से संबंध रखते थे, इनके पिता कट्टर हिंदू एवं ब्रिटिश सरकार के अधिन गुजरात में काठियावाड़ की रियासत पोरबंदर के प्रधानमंत्री थे, इनकी माता का नाम पुतलीबाई थी।

गांधी जयंती एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिए हर वर्ष मनाया जाता है। 15 जून 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में गाँधी जयंती को घोषित किया गया है। करमचन्द गाँधी के जन्म दिवस को याद करने के लिये पूरे भारत में गाँधी जयंती को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाता है। उनके भारतीय स्वतंत्रता के लिये किये गये अहिंसा आंदोलन से आज भी देश के राजनीतिक नेताओं के साथ–साथ देशी तथा विदेशी युवा नेता भी प्रभावित होते है।




अनामिका वेलकेयर सोसायटी अम्बिकापुर
गांधी जयंती
2 अक्टुबर
स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम
स्थान - घरौंदा आश्रय गृह (मानसिक दिव्यांग केन्द्र)
कलावती पुर्नवास केन्द्र (स्कूल एवं होस्टल)
पता - तुर्रापानी, गांधीनगर, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
घरौंदा आश्रय गृह
मानसिक महिला एवं पुरुषों
के लिए आवासीय हेतु
पता–गांधीनगर, तुर्रापानी, अम्बिकापुर
जिला–सरगुजा (छ.ग.) पिन–497001


अनामिका वेलकेयर सोसायटी अम्बिकापुर
गांधी जयंती
2 अक्टुबर
स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम
स्थान - घरौंदा आश्रय गृह (मानसिक दिव्यांग केन्द्र)
कलावती पुर्नवास केन्द्र (स्कूल एवं होस्टल)
पता - तुर्रापानी, गांधीनगर, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)




गांधी जयंती


अनामिका वेलकेयर सोसायटी अम्बिकापुर
गांधी जयंती
2 अक्टुबर
स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम
स्थान - घरौंदा आश्रय गृह (मानसिक दिव्यांग केन्द्र)
कलावती पुर्नवास केन्द्र (स्कूल एवं होस्टल)
पता - तुर्रापानी, गांधीनगर, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

# दीपावली कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 10/11/2023 को संस्था द्वारा अम्बिकापुर एवं सूरजपुर में अनाथ मानसिक दिव्यांग हितग्राहियों के साथ में दीपावली का त्यौहार बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सभी कर्मचारीयों द्वारा मिलकर रंग बिरंगी रंगोली आंगन में बनाई गयी फिर शाम को धनदेवी लक्ष्मी, कुबेर जी एवं गणेश जी की पूजा किया गया और सभी कमरों में दीपक जलाये गये। इसके बाद सभी लोगों को प्रसाद बॉटी गयी फिर प्रसाद खाने के पश्चात् पटाखे, चकरी, फूलझड़िया इत्यादि जलाये गये।

पौराणिक कथाओं के अनुसार दिवाली के त्यौहार को मनाये जाने के पीछे यह तर्क है की जब भगवान् श्री राम 14 वर्ष के वनवास को काटकर और रावण का वध करके अपनी जन्मभूमि अयोध्या की तरफ लौटे थे तो उनके अयोध्या लौटने की खुशी में अयोध्या के लोगों के द्वारा इस दिन घी के दिए जलाये गये थे, उसी दिन से ही दिवाली का यह पवन त्यौहार प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। दिवाली में विभिन्न प्रकार के उपहारों और मिठाइयों को अपने रिश्तेदारों और पड़ोसियों को दिया जाता है और पटाखे जलाये जाते है। दिवाली के त्यौहार में भारत के हर घर में रौशनी फैली रहती है। दिवाली सभी लोगों का एक त्यौहार है सभी लोगों के द्वारा इस त्यौहार को खुशी के रूप में उत्साहित होकर मनाया जाता है।







Happy
Diwali






दीपावली कार्यक्रम

# दिव्यांग केंद्र में मनाया गया दीपावली मिलन



**नवभारत ब्यूरो। अम्बिकापुर।**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा अंबिकापुर सम्मेलन की बहनों ने कलावती पुनर्वास दिव्यांग केंद्र में जाकर उनके साथ दीपावली मिलन का उत्सव मनाया। सम्मेलन की बहनों के द्वारा 28 दिव्यांग बहनों भाइयों के दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था की गई । अध्यक्ष सीमा बंसल व सचिव शारदा गर्ग ने बच्चों को मिठाई व पटाखे फुलझड़ी बांटे और कहा कि दीपावली खुशी का त्यौहार है हमें मिलजुल कर मनाना चाहिए। अनाथ और दिव्यांग लोगों को भी अपनी खुशी में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर सीमा बंसल, सेनु गोयल, शारदा गर्ग, सीमा गर्ग, सरला गर्ग, सरोज गोयल, किरण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। धौरपुर के ग्राम पड़ौली में अनियंत्रित रफ्तार की बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से गंभीर हुए ग्राम चंगौरी निवासी हीरासाय 53 वर्ष ने मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि घटना दिवस 15 नवंबर की दोपहर हीरासाय ग्राम पड़ौली से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। परिजन धौरपुर चिकित्सालय से रेफर करने पर 16 नवंबर को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

की मजबूती में युवा निभा

पहली बार मतदान

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज में साकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु आज **दिनांक 03.12.2023** को (मानसिक दिव्यांग केन्द्र) में तुर्रापानी, गॉधीनगर डिगमा रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ0ग0) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सूरजपुर मे संचालित अनाथ मानसिक दिव्यांगों के साथ ही यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे। संस्था में सभी महिला एवं पुरूष हितग्राहीयों को योगा कराया गया और साथ ही खेल का भी आयोजन कराया गया जिसमें कैरम, लुडो एवं कलर भरने के लिए भी प्रेरित किया गया। सभी हितग्राहियों एवं कर्मचारियों को स्वल्पाहार एवं लजिज भोजन का वितरण किया गया इस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। योग मन, शरीर, और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग–अलग तरीकों से लाभ मिलता है। भारत में 21 जून 2015 के दिन पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया गया इस दिन सम्पूर्ण विश्व में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके पश्चात् हर वर्ष 21 जून को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।




अनामिका वेलफेयर सोसायटी
03 दिसम्बर 2023
अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस




अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस
03 दिसम्बर 2019

# संस्था में मकर संक्रांति कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 14/01/2024 को अम्बिकापुर में अनामिका वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित (घरौंदा आश्रय गृह) मे मकर संक्रांति का त्यौहार बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव कार्यक्रम में संस्था के समस्त मानसिक दिव्यांग एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत सुर्य भगवान की पुजा करते हुए किये गये। इसके बाद सभी हितग्राहीयों को तिल की लड्डू खिलाये गये साथ ही अन्य मिठाईयां भी खिलायी गयी, और संस्था में विभिन्न प्रकार के व्यंजन भी बनाये गये।







# गणतंत्र दिवस कार्यक्रम

आज दिनांक 26/01/2024 को घरौंदा आश्रय गृह अम्बिकापुर में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था की संचालिका सुश्री रीता अग्रवाल मैम जी एवं संस्था के समस्त कर्मचारी एवं हितग्राही शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण करते हुए किया गयी जिसमें भारतीय ध्वज, तिरंगा फहराने के दौरान सभी लोग खड़े होकर राष्ट्रगान जन, गण, मन प्रारंभ किया गया, अमर शहीदों का नारा लगायें गये। इसके पश्चात् स्वतंत्रता सेनानीयों को श्रद्धांजलि दि गयी जिन्होंने अपने प्राणों की आहुती देकर हमारे देश को एक स्वतंत्र तथा गणतंत्र राष्ट्र बनाया, फिर सभी हितग्राहीयों तथा कर्मचारीयों को सभा कक्ष में व्यवस्थित रूप से बैठाया गया। संस्था संचालिका रीता अग्रवाल जी के द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भाषण दिये गये उन्होनें बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इस दिन अंग्रेजों के कानूनों को हटा कर हमने खुद के संविधान को अपनाया था, संसद से भारतीय संविधान लागू होने के बाद भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया, यही कारण है कि इस दिन को हम सभी प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते है। इसके बाद संस्था के हितग्राहीयों द्वारा गाना गाकर इस कार्यक्रम को और मनमोहक स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नाश्ता, का वितरण किया गया। इस प्रकार गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




TATA PLAY


जनवरी





# होली (रंगोत्सव) कार्यक्रम

आज दिनांक 23/03/2024 को अनामिका वेलफेयर सोसायटी अन्तर्गत संचालित घरौंदा आश्रय गृह अम्बिकापुर में होली उत्सव बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। इस उत्सव कार्यक्रम में संस्था की संचालिका सुश्री रीता अग्रवाल मैम जी तथा समस्त हितग्राही एवं कर्मचारी उपस्थित थे साथ ही इस उत्सव में हितग्राहियों के साथ होली का प्यार बांटने के लिए कुछ अतिथि भी आये हुए थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दिया गया। इसके बाद रंग–बिरंगी होली को रंग टेबल पर सेट किया गया, फिर संस्था संचालिका और अतिथियों के द्वारा सभी हितग्राहियों को रंग–बिरंगी गुलाल लगाये गये और उन्हें होली की शुभकामनाएं दिया गया साथ ही हितग्राहीयों द्वारा भी एक–दूसरे पर गुलाल लगाये गये। होली खेलने के दौरान सभी को ठंडाई पिलाई गयी और डांस करके इस उत्सव को और मनमोहक स्वरूप दिया गया फिर इसके बाद समस्त अतिथियों, हितग्राहियों एवं कर्मचारीयों को स्वल्पाहार वितरण किया गया, तो कुछ इस तरह से हमारे संस्था में होली का त्यौहार मनाया गया।






FRUITS
VEGETABLE


पंजीयन क्रमांक 26773
पंजीयन दिनांक 15.05.2015
होली मिलन समारोह
"घरौंदा आश्रय गृह"
एवं बहुदिव्यांगजनों के लिए आवास, पुर्नवास के
आयोजनकर्ता
अनामिका वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)


15.05.2015
होली मिलन समारोह
“घरौंदा आश्रय गृह”
एवं बहुदिव्यांगजनों के लिए आवास, पुर्नवास केन्द्र
आयोजनकर्ता
नामिका वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)


BUT HE
wise


World Disability Day

# घरौंदा हितग्राहीयों का लगाये गये शिविर में बनाया गया सर्टिफिकेट

**25 अप्रैल 2023** को जिला हॉस्पिटल अम्बिकापुर सरगुजा में लगाया गया निःशुल्क शिविर में अनामिका वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित घरौंदा आश्रय गृह के मानसिक दिव्यांगों महिला एवं पुरूषों का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया गया।



## संस्था में हितगाहियों की दाखिल एवं उसके बाद की फोटोग्राफ्स

सत्र– 2023–24 में स्वयं सेवी संस्था अनामिका वेलफेयर अम्बिकापुर द्वारा संचालित घरौंदा केन्द्र में मानसिक दिव्यांगों की संस्था में आने की स्थिति और संस्था में कुछ दिन बाद की स्थिति में परिवर्तन मानसिक हितग्राहियों की फोटोग्राफ्स –







Before
After






घरोंदा अनाथ मानसिक दिव्यांग केंद्र
पहले
बाद